# न्यायालय अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, बारॉ (राज.)

पीठासीन अधिकारी बृजमोहन बैरवा (आर.ए.एस.)

**प्रकरण संख्या :– 02/2018**

**बउनवान**

सरकार जर्ये थानाधिकारी पुलिस थाना कोतवाली, बाराँ जर्ये जिला पुलिस अधीक्षक महोदय बारॉ
(सायल)

**बनाम**

बब्लू उर्फ अशफाक पुत्र अली मोहम्मद मुसलमान निवासी लिसाडिया हाल श्रमिक कॉलोनी, बाराँ
(गैरसायल)

**इस्तगासा अन्तर्गत राजस्थान गुण्डा नियंत्रण अधिनियम 1975 की धारा–3**

उपस्थिति :– 1– अभियोजन अधिकारी (सायल)
2– श्री मनोज जैन अभिभाषक (गैरसायल)

**निर्णय दिनांक 28.09.2021**

वाक्यात मामला इस्तगासा इस प्रकार है कि गैरसायल बब्लू उर्फ अशफाक पुत्र अली मोहम्मद जाति मुसलमान निवासी लिसाडिया हाल श्रमिक कॉलोनी, बाराँ के विरूद्व जिला पुलिस अधीक्षक, बारॉ द्वारा राजस्थान गुण्डा नियंत्रण अधिनियम 1975 की धारा–3 के अन्तर्गत प्रेषित किया गया है।

संक्षिप्त में प्रकरण इस प्रकार है कि गैरसायल के खिलाफ थानाधिकारी पुलिस थाना कोतवाली जिला बाराँ ने जिला पुलिस अधीक्षक महोदय, बारां को रिपोर्ट की है कि पुलिस थाना कोतवाली जिला बारॉ क्षेत्र के अन्तर्गत गैरसायल आपराधिक प्रवृति का व्यक्ति है। यह व्यक्ति आम जनता के साथ मारपीट, गंभीर मारपीट एवं धमकी देने जैसी अवैधानिक गतिविधियों में संलिप्त है। इसके विरूद्व पुलिस थाना कोतवाली, बाराँ में वर्ष 2013 से 2016 तक की अवधि में कुल 07 आपराधिक प्रकरण अन्तर्गत भादस के तहत दर्ज हुये है। जिनमें से कुल 02 प्रकरणों में गैरसायल न्यायालय से सजायाब हो चुका है। फिर भी इसकी आपराधिक गतिविधियॉ जारी है तथा लगातार अपराधों की ओर अग्रसर हो रहा है। इसकी आम शौहरत भी ठीक नहीं है। इसका आम जनता में भय एवं आतंक बना हुआ है। इसके विरूद्व कोई भी व्यक्ति रिपोर्ट करने अथवा गवाही देने से डरता है। इसकी इन आपराधिक गतिविधियों के कृत्य से लोक व्यवस्था एवं शांति को खतरा उत्पन्न हो रहा है। कानून व्यवस्था एवं लोकशान्ति को दृष्टिगत रखते हुये इसके क्रियाकलापों पर अंकुश लगाना आवश्यक है।अतः उपरोक्त समाजकंटक … अधिनियम के तहत कार्यवाही हेतु इस्तगासा प्रेषित कर विधिवत कार्यवाही करते हुए इसक… जिल… सीमा से निष्कासन किया जावे।

इस प्रकार गैरसायल द्वारा आपराधिक कार्य … जिससे सार्वजनिक शांतिभंग होने से आम जनता में भय का वातावरण उत्पन्न होता है। गैरसा… के कुल 02 प्रकरणों में न्यायालय द्वारा दोष सिद्व ठहराया जाकर सजायाब कि… चुका है। … गुण्डा की परिभाषा … है। अतः इसके विरूद्व अन्तर्गत राजस्थान गुण्डा नियंत्रण अधिनियम 1975 धारा–3 के तहत कार्यवाही की जावें। इस्तगासा विरूद्व गैरसायल के पेश कर, उक्त आपराधिक कृत्य में मशगूल होने से गैरसायल को गुण्डा घोषित किया जाकर, उसे राज. गुण्डा नियंत्रण अधिनियम, 1975 की धारा–3 के अन्तर्गत जिले से निष्कासित करने के आदेश चाहे गये।

Signature Not Verified
Digitally signed by Brij Mohan Bairwa
Date: 2022.03.14 15:36:37 IST
Reason: Self Attested

इसके उपरांत गैरसायल के विरूद्व प्रस्तुत इस्तगासे को दिनांक 10.01.2018 को दर्ज रजिस्टर किया गया तथा पुलिस द्वारा प्रस्तुत इस्तगासे एवं साक्ष्य के सारगर्भित बिन्दुओं को दर्शाते हुए गैरसायल को आहूत किया गया तथा गैरसायल की जर्ये सम्मन तलबी की गई। गैरसायल द्वारा जर्ये अभिभाषक उपस्थिति दी गई। गैरसायल के अभिभाषक द्वारा प्रकरण में जवाब प्रस्तुत किया गया जो शामिल पत्रावली किया गया। प्रकरण में उभयपक्ष की अंतिम बहस सुनी गई।

**दौराने बहस अभियोजन अधिकारी सरकार पक्ष का मुख्य कथन है कि** गैरसायल के विरूद्व पुलिस थाना कोतवाली, बाराँ में वर्ष 2013 से 2016 तक की अवधि में कुल 07 आपराधिक प्रकरण अन्तर्गत भादस के तहत दर्ज हुये है। जिनमें से कुल 02 प्रकरणों में गैरसायल न्यायालय से सजायाब हो चुका है। फिर भी इसकी आपराधिक गतिविधियॉ जारी है तथा लगातार अपराधों की ओर अग्रसर हो रहा है। इसकी आम शौहरत भी ठीक नहीं है। इसका आम जनता में भय एवं आतंक बना हुआ है। इसके विरूद्व कोई भी व्यक्ति रिपोर्ट करने अथवा गवाही देने से डरता है। इसकी इन आपराधिक गतिविधियों के कृत्य से लोक व्यवस्था एवं शांति को खतरा उत्पन्न हो रहा है। कानून व्यवस्था एवं लोकशान्ति को दृष्टिगत रखते हुये इसके क्रियाकलापों पर अंकुश लगाना आवश्यक है। अतः उपरोक्त समाजकंटक के विरूद्व राजस्थान गुण्डा अधिनियम के तहत कार्यवाही हेतु इस्तगासा प्रेषित कर विधिवत कार्यवाही करते हुए इसको जिले की सीमा से निष्कासन किया जावे।

**गैरसायल के अभिभाषक द्वारा** प्रस्तुत जवाब के तथ्यों को दोहराते हुए कथन किया कि प्रार्थी के विरूद्व जो आपराधिक प्रकरण दर्ज हुए थे उनका निर्णय हो चुका है तथा प्रार्थी वर्तमान में श्रमिक कॉलोनी, बाराँ में शांतिपूर्वक परिवार के साथ रहकर मेहनत–मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा है। प्रार्थी के विरूद्व उक्त कार्यवाही प्रार्थी को परेशान करने के लिए की गई है। पुलिस थाना कोतवाली, बाराँ ने दिनांक 14.12.2017 को आपराधिक रिकार्ड बाबत एक सूची बनाकर प्रार्थी के विरूद्व कुल 07 प्रकरण सन् 2013 से दर्शाये गये है। सन् 2016 के बाद प्रार्थी के विरूद्व किसी प्रकार का कोई आपराधिक मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है। अतः जवाब पेश कर निवेदन है कि प्रार्थी के विरूद्व खोली गयी कार्यवाही खारिज फरमायी जावें।

**अभियोजन अधिकारी पक्ष सरकार एवं गैरसायल के अभिभाषक** की बहस सुनी तथा इस्तगासे में प्रस्तुत अभिलेखों का अवलोकन किया गया। गैरसायल के विरूद्व पुलिस थाना कोतवाली, बाराँ में वर्ष 2013 से 2016 तक की अवधि में कुल 07 आपराधिक प्रकरण अन्तर्गत भादस के तहत दर्ज हुये है। जिनमें से कुल 02 प्रकरणों में गैरसायल न्यायालय से सजायाब हो चुका है एवं 05 प्रकरण पेण्डिंग कोर्ट है।

अतः उक्त समस्त तथ्यों के अनुसार यह साबित होता है कि बब्लू उर्फ अशफाक पुत्र अली मोहम्मद जाति मुसलमान निवासी लिसाडिया हाल श्रमिक कॉलोनी, बाराँ द्वारा उक्त अपराध किए गए है। जिसके आधार पर गैरसायल राजस्थान गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम की धारा 2 (आ) की परिभाषा में आना पूर्णतया सिद्व है, क्योंकि धारा 2 (आ) के प्रावधान के अनुसार गैरसायल कुल 02 प्रकरणों में न्यायालय से सजायाब किया जा चुका है।

Signature Not Verified
Digitally signed by Brij Mohan Bairwa
Date: 2022.03.14 16:36:37 IST
Reason: SelfAttested

अतः गैरसायल बब्लू उर्फ अशफाक पुत्र अली मोहम्मद जाति मुसलमान निवासी लिसाडिया हाल श्रमिक कॉलोनी जिला बारां को सजायाबी रिकार्ड के आधार पर राजस्थान गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम 1975 की धारा 2 (आ) के तहत गुण्डा घोषित करता हूँ तथा राजस्थान गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम, 1975 की धारा 3 (3) (क) के प्रावधानों के अन्तर्गत बारां जिले के पुलिस थाना क्षेत्र कोतवाली से 15 दिन के लिए गैरसायल को निष्कासित किये जाने का आदेश देता हूँ।

गैरसायल बब्लू उर्फ अशफाक पुत्र अली मोहम्मद जाति मुसलमान निवासी लिसाडिया हाल श्रमिक कॉलोनी, बाराँ को राजस्थान गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम 1975 की धारा 3 के तहत पुलिस थाना कोतवाली जिला बाराँ क्षेत्र से 15 दिन के लिए निष्कासित किया जाता है। गैरसायल उक्त अवधि में अपनी उपस्थिति प्रत्येक दिवस थानाधिकारी पुलिस थाना, अन्ता जिला बारॉ को देगा। इस अवधि में अपराधी ऐसा कोई आचरण नहीं करेगा, जो व्यक्तियों के प्रतिकूल एवं सामान्य व्यवहार संहिता के विरूद्व हो अर्थात् इस अवधि में पूर्ण सच्चरित्र रहेगा। किसी आपराधिक गतिविधि में भाग नहीं लेगा।

गैरसायल के विरूद्व यह आदेश दिनांक 14.10.2021 से प्रभावी होगा।

नियमानुसार तहरीरे जिला पुलिस अधीक्षक, बारां एवं थानाधिकारी पुलिस थाना अन्ता, जिला बारॉ को दी जावें। थानाधिकारी पुलिस थाना कोतवाली जिला बारॉ को तहरीर दी जावे, जिसमें यह लिखा जावें कि गैरसायल को उक्त आदेश की पालना में जिले के पुलिस थाना कोतवाली जिला बारॉ क्षेत्र से बाहर निष्कासित कर, थानाधिकारी पुलिस थाना अन्ता, जिला बारॉ के सुपुर्द कर, पालना रिपोर्ट इस न्यायालय में पेश करे।

निर्णय आज दिनांक **28.09.2021** को मेरे द्वारा सरे इजलास लिखाया जाकर सुनाया गया। पत्रावली बाद तामील तकमील फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो।

**( बृजमोहन बैरवा )**
**अति0 जिला मजिस्ट्रेट, बारॉ**

Signature Not Verified

Digitally signed by Brij Mohan Bairwa
Date: 2022.03.14 15:36:37 IST
Reason: SelfAttested